**संख्या–56/2023 /001-1133-24-1-2023-17 PC-2001 TC 1**

**प्रेषक,**

प्रभंजन यादव,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

समस्त मुख्य कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

**ऊर्जा अनुभाग–1** **लखनऊ : दिनांक 03 मई, 2023**

**विषय :–** वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद के विघटन से पूर्व कार्यरत/सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानैवृत्तिक सुविधाएं हेतु प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति विषयक।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के पत्र संख्या–52/अधि0नि0 (वित्त) /वि0प्र02/आय–व्ययक/2023-24/436, दिनांक 12 अप्रैल, 2023 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य विद्युत परिषद के विघटन के पूर्व सेवानिवृत्त अथवा परिषद के विघटन के पूर्व से कार्यरत परन्तु बाद में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानैवृत्तिक सुविधाओं के लिए प्राविधानित धनराशि रूपये 4000,00,00,000/- (रूपये चार हजार करोड़ मात्र) को माह अप्रैल, 2023 से माह मार्च, 2024 तक स्वीकृत कर आहरित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति प्रदान करते हैं।

**नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों**

(1) उपरोक्त प्रस्तर–1 में स्वीकृत धनराशि का उपभोग उसी मद के भुगतान हेतु किया जायेगा।
(2) उक्त प्रस्तर–1 में स्वीकृत धनराशि को माह अप्रैल, 2023 से माह मार्च, 2024 तक संलग्नक के अनुसार समस्त कोषाधिकारी द्वारा आहरित किया जायेगा।
2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 40,00,00,00,000 ( रुपये चालीस अरब मात्र ) को चालू वित्तीय वर्ष 20232024 के आय–व्ययक मे **अनुदान संख्या** 009 **लेखा शीर्षक** 2071012000300 राज्य विद्युत परिषद के विघटन पूर्व कार्यरत/सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा नैवृत्तिक सुविधायें **मानक मद** 33 पेंशन/आनुतोषिक/अन्यसेवानिवृत्ति हितलाभ के नामे डाला जायेगा।
3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-10-12-X-2023-24-दिनांक : 1-5-2023 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

प्रभंजन यादव
अनु सचिव।

**संख्या–56(1)/2023/001-1133-24-1-2023-17 PC-2001 TC 1, तद् दिनांक।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज 211001
2- महालेखाकार,(लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज 211001
3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ।
4- निदेशक, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- निदेशक, वित्तीय सांख्यकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, एन0आई0सी0, राज्य एकक, योजना भवन, लखनऊ।
7- निदेशक (वित्त), उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
8- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
9- वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–10/वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

प्रभंजन यादव
अनु सचिव।